फा.सं.25-I(08)/2022-एएचडी/एआर

भारत सरकार

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

********

अप्रैल, 2022 के माह के दौरान लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां।

**1.गोपशु और डेयरी विकास**

(i) गिर परियोजना, वाराणसी पर 12 अप्रैल 2022 को वाराणसी दुग्ध संघ में कृषक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पशुपालन और डेयरी विभाग के सचिव, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष, राज्य सरकार के अधिकारी और एक हजार किसान शामिल हुए। इस परियोजना के तहत, आईवीएफ और सेक्स सॉर्टेड सीमेन जैसी उन्नत तकनीकों के द्वारा धारणीय ढंग से उत्पादकता में वृद्धि और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए 450 गिर गायों को शामिल किया गया है। इस परियोजना के तहत आईवीएफ तकनीक का प्रयोग करते हर वर्ष एक हजार गर्भ भी धारण करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सेक्स सॉर्टेड सीमेन का प्रयोग करते हुए भी हर वर्ष 40,000 गर्भ धारण करवाए जाएंगे। इस परियोजना के कार्यान्वयन होने के तीन साल बाद 1 लाख उच्च उत्पादन वाली गायों के जुड़ने से परियोजना से सीधे तौर पर 50,000 किसानों के लाभान्वित होने का अनुमान है।

(ii) पशुपालन और डेयरी विभाग(एएचडी) के सचिव ने 21.04.2022 को राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) योजना के सहकारिता (डीटीसी) घटक बी के द्वारा डेयरी करने पर पहली परियोजना मंजूरी समिति (पीएससी) की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उत्तर प्रदेश, के अयोध्या, गोंडा, और लखनऊ दूध संघ की उप परियोजना योजना (एसपीपी) परियोजना पर विचार किया गया।

(iii) पशुपालन और डेयरी विभाग(एएचडी) के सचिव नेदेश में दूध की स्थिति की समीक्षा के लिए गुजरात के केवडिया में दूध की स्थिति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

(iv) राष्ट्रीय डेयरी योजना चरण-II (एनडीपी-II) योजना को अंतिम रुप देने के लिए 28.04.2022 को झारखंड में हितधारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

**2.पशुधन स्वास्थ्य**

(i) विभाग ने अप्रैल से 21 अप्रैल 2022 तक राजस्थान के नीमली में अनिल अग्रवाल पर्यावरण प्रशिक्षण संस्थान में 'धारणीय खाद्य प्रणालियों पर राष्ट्रीय सम्मेलन' में हिस्सा लेने के लिए अधिकारियों को नामित किया। इसका उद्देश्य ये है कि चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और स्थानीय, राज्य या देश के स्तर पर धारणीय खाद्य प्रणालियों के समर्थकों के बीच बेहतर पोषण, आजीविका, पर्यावरण और जलवायु के लिए धारणीय खाद्य प्रणालियों की तरफ एक खुली चर्चा हो।विभाग ने दिनांक 06.04.2022 को उत्तराखंड में पशु स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और वन्यजीव को शामिल करते हुए एक स्वास्थ्य (वन हेल्थ) पर आरम्भिक परियोजना शुरू की।

(ii) विभाग ने सिक्किम और बिहार राज्यों में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू(एएसएफ) की सूचना प्राप्त होनेपर परामर्शी जारी की और सुअरों में एएसएफ के शीघ्र नियंत्रण और रोकथाम के उपायों को कड़ाई से लागू करने की सलाह के साथ राष्ट्रीय कार्य योजना जारी की।

(iii) विभाग नेसिक्किम राज्य में सुअर प्रजनन और श्वसन सिंड्रोम (पीआरआरएस) की पुनरावृर्ति की सूचना प्राप्त होने पर बीमारी को बढ़ने से रोकने के लिए राज्य को रोकथाम और चिड़ियाघर स्वच्छता उपाय की सलाह के साथपरामर्शी भेजी।

(iv) विभाग ने सीओपी27 से पहलेसंयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा सम्मेलन(यूएनएफसीसी) में पर्यावरण, वनएवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से भारत का अनुकूलन संचार(एडपटेशन कम्यूनिकेशन) भेजने की तैयारी के लिए बनी संचालन समिति में एक अधिकारी को सदस्य के तौर पर नामित किया।

(v) विभाग ने विश्व बैंक और एएफडी से सहायता प्राप्त मत्स्य क्षेत्र में कोविड -19 के रेस्पॉन्स और रिकवरी की परियोजना, जिसमें एएमआर अल्पीकरण के कदमों और जागरुकता पर जोर था, में विचार के लिए व्यय वित्त समिति (ईएफसी) पर टिप्पणियां भेजी।

(vi) विभाग ने वर्ष 2021 के खरीफ और रबी के दौरान सूखे की वजह से पैदा हुए हालात का आकलन करने के लिए नागालैंड में 20.04.2022 से 24.04.2022 तक भ्रमण करने के लिए आईमएमसीटी में एक प्रतिनिधि को नामित किया।

(vii) विभाग ने 25.04.2022 और 26.04.2022 तक एफएओ द्वारा एएमयू आंकड़े संग्रहण पर हैदराबाद में आयोजित प्रशिक्षण के लिए विभाग के उत्तराखंड और कर्नाटक राज्य से, और स्वास्थ्य सहायता ईकाई, ओएचएसयू (डीएएचडी) से अधिकारियों को नामित किया।

(viii) विभाग ने उत्तर प्रदेश राज्य में ग्लैंडर्स की पुष्टि होने पर राज्य को बीमारी का संक्रमण रोकने के लिए चिड़ियाघर सफाई संबंधीकदम और संक्रमित क्षेत्र से /में घोड़ो को लाने-ले जाने की निगरानी/ प्रतिबंध के बारे में सूचित किया।

(ix) विभाग ने साउथ एशिया और ईरान में पशु चिकित्सा शिक्षा स्थापना (वीईईस) और पशु चिकित्सा वैधानिक निकाय (वीएसबी) के संबंध में 19 और 20 अप्रैल 2022 को आयोजित ओआईई वर्चुअल कार्यशाला के लिए अधिकारियों को नामित किया।

(xi) विभाग ने कॉडेक्स समन्वय समूह (सीसीजी-I) की पहली बैठक के लिए अधिकारियों को नामित किया :रसायन (आहार में संदूषकों का उप-समूह) के लिए कॉडेक्स कमेटी के 15वें अधिवेशन (सीसीसीएफ 15) का 28.4.2022 को वर्चुअली आयोजन हुआ।

(x) अप्रैल 2022 माह के दौरान 0.22 करोड़ पशुओं को ईयर टैग्ड किया गया और करीब 0.9 करोड़ पशुओं का खुरपक्का और मुंहपक्का (एफएमडी) के खिलाफ टीकाकरण किया गया। ब्रुसेला के खिलाफ भी टीकाकरण शुरू हो चुका है और अब तक 11.28 लाख पशुओं का टीकाकरण हो चुका है।

## 3.क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी)

आजादी का अमृत महोत्सव और किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के तहत, पशुपालन और डेयरी विभाग ने 25 अप्रैल से 28 अप्रैल 2022 के बीच सार्वजनिक सेवा केंद्र (सीएससी) के द्वारा देशभर में गांव सतर पर 8000 कैंप्स आयोजित कर उद्यमिता योजनाए और विभाग की अन्य लाभ उनमुखी अहम योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। हर दिन देशभर से लगभग एक लाख किसान सार्वजनिक सेवा केंद्र(सीएससी) के माध्यम से जुड़े। सहभागियों को योजनाओं की पूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही ये भी बताया गया कि सीएससी के माध्यम से पोर्टल पर योजनाओं के लिए कैसे आवेदन करें। माननीय मत्स्यपालन पशुपालन और डेयरी कैबिनेट मंत्री श्री परशोतृतम रूपाला, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और श्री एल मुरूगन ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने कैंप्स के माध्यम से जुड़े किसानों को संबोधित किया और जानकारी दी कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन और राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजनाओं में अब प्रजनक फार्म उद्यमी और चारा उद्यमी के घटक भी हैं और इन योजनाओं में ग्रामीण कुक्कुट, भेड़ बकरी और सुअर पालन में नस्ल सुधार उद्यमिता विकास सहित चारा और चारा विकास पर गहरा जोर दिया जाएगा।

**4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी)**

(i) संयुक्त सचिव (व्यापर/आईसी) और कोलोम्बिया के राजदूत महामहिम मारिआना पाचेको मोन्तेस की अगुवाई में कोलोम्बिया के प्रतिनिधि मंडल की दिनांक 5.04.2022 को बैठक हुई जिसमें दोनों देशों के बीच पशु मूल उत्पाद की बाजार तक पहुंच समेत द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई। इस बैठक के दौरान भारत के पशु मूल उत्पादों को दुनिया के अलग-अलग देशों में निर्यात की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया और कोलोम्बिया के पक्ष से निवेदन किया गया कि वे भारत के जमे हुए भैंस के मांस (फ्रोजन बफ्लों मीट) भारत के डेयरी उत्पादों और भारत के कुक्कुट उत्पादों की कोलोम्बिया के बाजार तक पहुंच के लिए स्वच्छता आवश्यकताएं साझा करें।

(ii) संयुक्त सचिव (व्यापार/ आईसी) और ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में कृषि सलाहकार श्रीमान किरण कारामिल की अगुवाई में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधि मंडल के बीच दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा के लिए 27.4.2022 को कृषि भवन में बैठक हुई। इस बैठक के दौरान भारतीय डेयरी उत्पादों और भारत के भैंस मांस की बाजार तक पहुंच के मुद्दों पर दोनों पक्षों में चर्चा हुई।

**5. व्यापार अनुभाग**

माह के दौरान रूस ने गोपशु, भेड़ और बकरियों से प्राप्त तापमान से उपचारित उत्पादों, जिन्हें भारत से यूरेशियन इकनॉमिक यूनियन में निर्यात किया जाना है, के लिए आपसी सहमति से तय पशुचिकित्सा प्रमाणपत्र (वेटेनरी सर्टिफिकेट) को स्वीकृत कर दिया है।

**6. योजना समन्वय**

विभाग ने 19.04.2022 को पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए ग्रीष्म बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी कैबिनेट मंत्री ने की और इसमें माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्रियों की भी उपस्थिति रही। इस बैठक का उद्देश्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की अपेक्षाओं की रूपरेखा बनाना, जमीन पर कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अभिसरित ढांचा तैयार करना,योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और परिणामों की चर्चा करना, बीच में सुधार कोई हो और आगे का रास्ता तय करना है। बैठक में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पशुपालन और डेयरी विभागों के सचिवों और निदेशकों के साथ माननीय पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्रियों ने भाग लिया।

**7. बजट**

वर्ष 2022-23 के लिए अप्रैल 2022 तक बजट अनुमान (आरई) 4288.84 करोड़ रूपये के मुकाबले 78.27 करोड़ रूपये खर्च हुए। अप्रैल माह के दौरान पशुपालन और डेयरी विभाग का व्यय 78.27 करोड़ रू था।

8. सोशल मीडिया गतिविधियां

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 66,389 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 159 रचनात्मक पोस्ट की गए, 190 ट्वीट, 800 री-ट्वीट किए गए, 4 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। फेसबुक पर विभाग के 1,28,094 फॉलोवर्स हैं। विभाग के कू अकाउंट पर 44,000 फॉलोवर्स हैं। मार्च, 2022 के अंत तक लिंक्डइन पर 634 फॉलोवर्स तथा इंस्टाग्राम पर 522 फॉलोवर्स थे।

*****